ॐ
निबंधन संख्या - 927/08-09 दूरभाष :: 0651-3512271, 2251008

# विद्या विकास समिति, झारखण्ड

( विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध )
शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002
**E-mail** - vvs.jharkhand@yahoo.com **Web** - http://www.vvsjharkhand.org.in

पत्रक क्र. : 06/2023-24 (अ.श्रावण शुक्ल 01 वि. सं. 2080 युगाब्द 5125) दिनांक : 18/07/2023

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार।

कदम निरंतर चलते जिनके, श्रम जिनका अविराम है।
विजय सुनिश्चित होती उनकी, घोषित यह परिणाम है।।

विद्या भारती का यह वट-वृक्ष आज अपने लक्षावधी दृढ़-प्रतिज्ञ, देव दुर्लभ कार्यकताओं के तपोबल के विशालता को प्राप्त कर रहा है। तो आइए, हम सब मिलकर विचारें कि गतिमान होकर हम अपने लक्ष्य के कितने निकट आ गए, कौन-कौन सी त्रुटियाँ बाधा बन सामने दृष्टिगोचर है। समीक्षा पश्चात गतिमान हों।

प्रतियोगिता भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिताएँ प्रारंभ हो रही हैं। अच्छी तैयारी के साथ भैया-बहन भाग लें। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना लक्ष्य बनावें।

**कतिपय कारणों से प्रतियोगिताओं की तिथियों में परिवर्तन किया गया है**। इसे अपनी डायरी एवं विद्यालय के प्रदर्शन पट्ट पर अंकित करने का कष्ट करेंगे। अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में व्यवस्था शुल्क प्रदेश कार्यालय से देय होता है। अखिल भारतीय (राष्ट्रीय) पुरस्कार प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को न्यूनतम एक वर्ष के लिए मासिक शुल्क में निःशुल्कता दी जाती है। इसकी सूचना सबको हो जाए।

## विषय क्रम

### विगत कार्यक्रम

1. प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता

### आगामी कार्यक्रम (परिवर्तित तिथियाँ)

1. अंग्रेजी प्रशिक्षण (उच्चतर माध्यमिक स्तरीय)
2. 'सी' एवं 'डी' श्रेणी के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक
3. युवा प्रधानाचार्य प्रबोधन बैठक
4. युवा आचार्य प्रबोधन बैठक
5. संस्कृति बोध परियोजना बैठक
6. विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव
7. रक्षाबंधन
8. विभाग स्तरीय प्रश्नमंच (विज्ञान, संगणक एवं वैदिक गणित)
9. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी रूप सज्जा प्रतियोगिता
10. क्षेत्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता
11. 'ए' एवं 'बी' श्रेणी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक
12. अर्द्धवार्षिक परीक्षा
13. विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं चयन प्रारंभिक परीक्षा
14. प्रांतीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)
15. प्रांतीय गणित एवं विज्ञान मेला
16. प्रांतीय संस्कृति महोत्सव
17. प्रांतीय वैदिक गणित, विज्ञान एवं संगणक प्रश्नमंच प्रतियोगिता
18. क्षेत्रीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)
19. दुर्गा पूजा अवकाश
20. क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव

### अन्यान्य

1. अंकेक्षण
2. आयकर रिटर्न फाईल
3. उपादान, EPF, ESI
4. वाटिका पुस्तक
5. प्रांतीय गतिविधि शुल्क
6. विज्ञान सप्ताह

## विगत कार्यक्रम

### 1. प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता

बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग की प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता दिनांक 17 से 19 जून 2023 तक कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, झुमरीतिलैया, कोडरमा में संपन्न हुई। प्रतिभागी भैया-बहनों 663, निर्णायक 30 तथा मार्गदर्शक आचार्य 50 सहित कुल संख्या 743 रही। सुंदर व्यवस्था एवं सफल कार्यक्रम हेतु विद्यालय परिवार को धन्यवाद।

## आगामी कार्यक्रम (परिवर्तित तिथियाँ)

### 1. अंग्रेजी प्रशिक्षण उच्चतर माध्यमिक स्तरीय

उच्चतर माध्यमिक खंड के अंग्रेजी विषय के आचार्यों का प्रशिक्षण वर्ग अपने पूर्ववत् तिथि 03 से 05 अगस्त 2023 तक महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, गोशाला रोड, विजयहाता, सिवान (बिहार) में आयोजित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व पहूँचना निर्धारित है। व्यवस्था शुल्क- ₹750/- (सात सौ पचास रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। अपेक्षित आचार्य जी इस वर्ग में निश्चित ही भाग लें। इसकी अपेक्षा है।

**संपर्क** : श्री शंभू शरण तिवारी, प्राचार्य - 9110913476, 9430259951
श्री राजेश रंजन, विभाग प्रमुख - 8102915469

### 2. 'सी' एवं 'डी' श्रेणी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक

अब यह बैठक **परिवर्तित तिथि** 11 एवं 12 अगस्त 2023 को शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर, यदुटाँड, झुमरीतिलैया, कोडरमा में आयोजित होगी। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व उपस्थिति अनिवार्यत: अपेक्षित है। यह बैठक समीक्षा बैठक है, तैयारी के साथ उपस्थित होवें। व्यवस्था शुल्क ₹500/- (पाँच सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। विद्यालय में अगर प्रांत द्वारा प्रेषित प्रधानाचार्य नहीं है तो जो भी प्रभारी या कार्यकारी हैं या जो भी कार्य देखते हैं, विद्यालय की चिंता करते हैं, वे अपेक्षित है। समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

### 3. युवा प्रधानाचार्य प्रबोधन बैठक

यह बैठक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्रीकृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयोजित है। दिनांक 13/08/2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक यह बैठक होगी। विद्या भारती के भावी स्वरूप पर चर्चा होगी। 50 वर्ष उम्र तक के प्रधानाचार्य अपेक्षित हैं। चयनित सूची विभाग प्रमुख महोदय तैयार कर सूचित करेंगे। व्यवस्था शुल्क ₹300/- (तीन सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। लेखन आलेखन सामग्री साथ लावें। मान्यवर अखिल भारतीय महामंत्री जी (विद्या भारती) का सानिध्य प्राप्त होगा।

### 4. युवा आचार्य प्रबोधन बैठक

दिनांक 13/08/2023 के सायं 04:00 बजे से 14/08/2023 के दोपहर भोजन तक यह बैठक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्री कृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयोजित है। लेखन-आलेखन सामग्री एवं दैनिक उपयोग की सामग्री साथ लावें। चयनित आचार्यों की सूची विभाग प्रमुख जी तैयार कर सूचित करेंगे। तन से स्वस्थ्य एवं मन से युवा 40 वर्ष उम्र सीमा के अंदर के श्रेणी 'ए' एवं 'बी' विद्यालय के आचार्य जी ही चयनित किए जाएँगे। व्यवस्था शुल्क ₹400/- (चार सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। माननीय अखिल भारतीय महामंत्री श्री अवनीश भटनागर जी का सानिध्य प्राप्त होगा।

### 5. संस्कृति बोध परियोजना बैठक

यह बैठक 25 अगस्त 2023 के दोपहर भोजन पश्चात से 26 अगस्त 2023 के प्रात: तक आयोजित है। 27 अगस्त 2023 को विभाग स्तरीय प्रतियोगिता है। यह बैठक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्री कृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयोजित है। इस बैठक में संस्कृति बोध परियोजना विषय के संकुल प्रमुख, विभाग प्रमुख, सह विभाग प्रमुख, प्रांत प्रमुख, सह प्रांत प्रमुख अपेक्षित है। व्यवस्था शुल्क ₹200/- (दो सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी है।

## 6. विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव

विभाग प्रमुख जी के योजनानुसार एवं वार्षिक कार्ययोजना में अंकित साहित्यानुसार। विभाग स्तरीय संस्कृति ज्ञान, संस्कृत एवं अंग्रेजी प्रश्नमंच, कथा-कथन एवं त्वरित भाषण तथा आचार्य पत्र वाचन भी आयोजित होगी। विभाग प्रमुख अपनी योजना विभाग टोली बैठक में निर्धारित किये होंगे। इसी अनुरूप क्रियान्वयन करें। संपूर्ण व्यवस्था विभाग प्रमुख के योजनानुसार होनी है। व्यवस्था शुल्क ₹200/- (दो सौ रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।

## 7. रक्षाबंधन

पर्यावरण रक्षा हेतु पेड़ों को राखी (रक्षा सूत्र) बाँधना, सेवा वस्ती, संस्कार केन्द्र एवं शिक्षा केन्द्र में जाकर रक्षाबंधन उत्सव मनाना अपेक्षित है। यह उत्सव 30 अगस्त 2023 को है। इस दिन संभव नहीं हो तो पूर्व में या पश्चात में भी यह उत्सव आयोजित कर सकते हैं। विद्यालयों में राखी निर्माण कार्यशाला आयोजित की जानी चाहिए।

## 8. विभाग स्तरीय प्रश्नमंच (विज्ञान, संगणक एवं वैदिक गणित)

यह प्रश्नमंच 03 सितंबर 2023 को निर्धारित स्थानों पर (वार्षिक कार्ययोजना पृष्ठ संख्या 08) संपन्न होगी। संपूर्ण व्यवस्था विभाग प्रमुख जी के योजनानुसार होगी। व्यवस्था शुल्क ₹200/- (दो सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।

## 9. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

विद्यालय के प्राथमिक एवं वाटिका खंड में रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित करें। विद्या मंदिर में गीता प्रश्नोत्तरी, गीता पाठ प्रतियोगिता आयोजित किए जाएँ। श्रीकृष्ण के पुरुषार्थी स्वरूप का चित्रण हो।

## 10. क्षेत्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता 08 एवं 09 सितंबर 2023 को पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹500+100=₹600 (छः सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।

## 11. 'ए' एवं 'बी' श्रेणी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक

यह बैठक पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम में 05 से 06 सितंबर 2023 तक आयोजित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व उपस्थिति सुनिश्चित है। द्वितीय दिवस भोजनोपरांत बैठक समाप्त होगी। यह समीक्षा बैठक है। अतः तैयारी के साथ आवें। व्यवस्था शुल्क ₹500/- (पाँच सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।

## 12. अर्द्धवार्षिक परीक्षा

दिनांक 09 से 20 सितंबर 2023 तक अपने-अपने विद्यालयों में होगी। संख्या व शुल्क आप प्रेषित कर दिए होंगे।

## 13. विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं चयन प्रारंभिक परीक्षा

यह परीक्षा अपने-अपने विद्यालयों में होगी। शिशु, बाल एवं किशोर वर्ग के लिए यह प्रारंभिक परीक्षा 16 सितंबर 2023 को होगी। कार्ययोजना में **अंक निर्धारण में त्रुटि है, अब अंक निर्धारण निम्नवत् होगा।**

| विद्या भारती प्रतिभा खोज परीक्षा अंक निर्धारण | | |
|---|---|---|
| हिन्दी | 10 | अंक |
| गणित | 10 | अंक |
| अंग्रेजी | 10 | अंक |
| सामान्य ज्ञान | 10 | अंक |
| तर्क शक्ति परीक्षा | 10 | अंक |
| सामान्य विज्ञान | 10 | अंक |
| **कुल** | **60** | **अंक** |

| विद्या भारती प्रतिभा चयन परीक्षा अंक निर्धारण | | |
|---|---|---|
| संस्कृत भाषा ज्ञान | 20 | अंक |
| संस्कृत संस्कृति | 10 | अंक |
| वंदना | 10 | अंक |
| सम सामयिकी | 10 | अंक |
| संस्कृत कवयं परिचश्य | 10 | अंक |
| **कुल** | **60** | **अंक** |

## 14. प्रांतीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)

बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतर्गत दौड़, कूद एवं फेंक की सभी प्रतियोगिताएँ संपन्न होगी। यह प्रतियोगिता अब परिवर्तित तिथि 21 से 24 सितंबर 2023 को **सरस्वती विद्या मंदिर, सिन्दरी, धनबाद** में आयोजित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व पहुँचना अपेक्षित है, प्रतिभागियों के लिए **ऑनलाईन पंजीयन** अनिवार्य है। विशेष जानकारी के लिए खेलकूद पत्रक का अवलोकन करें। व्यवस्था शुल्क ₹1,000+100=₹1,100 (एक हजार एक सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।

जो निर्णायक रहते हैं वे मार्गदर्शक नहीं रहें, मार्गदर्शक आचार्य भैया-बहनों की चिंता करने वाले पृथक आवें, इसकी अपेक्षा है।

क्षेत्रीय प्रतियोगिता अपने ही प्रदेश में रजरप्पा एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता अपने ही क्षेत्र में बेतिया (बिहार) में है। अत: अच्छी तैयारी हो, विजय प्राप्त करना लक्ष्य बनावें। शेष खेलकूद पत्रक के अनुसार।

## 15. प्रांतीय गणित एवं विज्ञान मेला

इस मेला में विज्ञान, संगणक एवं वैदिक गणित के प्रदर्श, प्रयोग, पत्रवाचन की सभी प्रतियोगिताएँ शिशु, बाल, किशोर तथा तरुण वर्ग की होगी। यह प्रतियोगिता 27 से 29 सितंबर 2023 तक **सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग** में आयोजित है। प्रतिभागी को प्रथम दिवस सायं 05:00 बजे तक निश्चित ही प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होना है। सायं 06:00 बजे सामूहिक संपत एवं सूचनाओं का सत्र है। तृतीय दिवस पुरस्कार वितरण पश्चात अवकाश निर्धारित है। विशेष रूप से निर्देशित है कि प्लास्टिक एवं थर्मोकोल का प्रयोग वर्जित रहे। व्यवस्था शुल्क ₹600+100=₹700 (सात सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। दैनिक उपयोग की सामग्री एवं प्रदर्श तथा प्रयोग से संबंधित सामग्री साथ लावें। विद्यालय अपने सक्रिय एवं सन्नद्ध तथा जानकार आचार्य जी को ही भेजें।

## 16. प्रांतीय संस्कृति महोत्सव

15 एवं 16 अक्टूबर 2023 को पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, 3/सी, बोकारो इस्पात नगर में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹500+100=₹600 (छ: सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।

यहाँ संस्कृति ज्ञान की सभी प्रतियोगिताएँ एवं संस्कृत तथा अंग्रेजी विषयक प्रश्नमंच आयोजित होंगे। प्रश्नमंच से विभाग के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त दल प्रतिभागिता हेतु अपेक्षित हैं। कथा-कथन, त्वरित भाषण एवं आचार्य पत्रवाचन में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी ही भाग लेने हेतु अपेक्षित हैं।

## 17. प्रांतीय वैदिक गणित, विज्ञान एवं संगणक प्रश्नमंच प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता भी दिनांक 15 एवं 16 अक्टूबर 2023 को पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, 3/सी, बोकारो इस्पात नगर में आयोजित है। विभाग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी ही अपेक्षित हैं। व्यवस्था शुल्क ₹500+100=₹600 (छ: सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।

प्रतिभागी को प्रथम दिवस सायं 04:00 बजे तक अनिवार्यत: उपस्थित होना है। सायं 05:00 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ होगी। द्वितीय दिवस दोपहर भोजन पश्चात अवकाश हो सकेगा।

## 18. क्षेत्रीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)

यह समारोह दिनांक 17 से 19 अक्टूबर 2023 तक सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट, रामगढ़ में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹750+100=₹850 (आठ सौ पचास रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व उपस्थिति अनिवार्य है। अपराह्न 02:00 बजे उद्घाटन निर्धारित है, समय से पहूँचें। उत्तम तैयारी के साथ भाग लें, इसकी अपेक्षा है। शेष खेलकूद पत्रक के अनुसार। पंजीयन **ऑनलाईन** होना है।

## 19. दुर्गा पूजा अवकाश

दिनांक 20 से 25 अक्टूबर 2023 तक है।

## 20. क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव

यह महोत्सव 30 एवं 31 अक्टूबर 2023 को सरस्वती विद्या मंदिर, कहलगाँव, भागलपुर में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹500+100=₹600 (छ: सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। प्रांत से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में भाग लेंगे।

# अन्यान्य

**1. अंकेक्षण**

सभी विद्यालय सत्र 2022-23 के आय-व्यय का अंकेक्षण करा लिए होंगे। अंकेक्षण प्रतिवेदन की प्रति प्रदेश कार्यालय भी अवलोकनार्थ भेजें।

**2. आयकर रिटर्न फाईल**

अब आयकर अधिनियम के अंतर्गत सभी संस्थानों को रिटर्न भरना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया को पूर्ण करें। कठिनाईयों में अपने विभाग प्रमुख या माननीय प्रदेश मंत्री जी से संपर्क कर सकते हैं।

**3. उपादान, EPF, ESI**

अब सभी कार्यकर्ताओं को यह सुविधा देना अनिवार्य है। धन की दिक्कत हो तो शुल्क बढ़ाएँ, किन्तु यह सुविधा लागू करें। कानून के अनुसार यह अनिवार्य है। जहाँ है वहाँ नियमित अंशदान जमा करें। उपादान भी मासिक जमा करना श्रेयस्कर होगा। EPF एवं ESI भी समय से जमा करें। अन्य कार्यों के साथ-साथ इसे प्राथमिकता से जमा करें, अन्यथा संस्थान आर्थिक दंड का भागी बन सकता है।

**4. वाटिका पुस्तक**

अरुण, उदय, प्रभात से संबंधित सभी पुस्तक प्रकाशन विभाग, राँची में उपलब्ध है, मंगवा सकते हैं। संपर्क सूत्र - श्री अशोक जी, मोबाईल नंबर-9431456954; श्री दिलीप जी, मोबाईल नंबर-8789469730.

**5. प्रांतीय गतिविधि शुल्क**

खाता (लेजर) में संग्रहित संपूर्ण राशि प्रदेश कार्यालय प्रेषित करने का कष्ट करें। एक माह के शुल्क के बराबर प्रांतीय गतिविधि शुल्क लेना और प्रेषित करना अनिवार्य है।

**6. विज्ञान सप्ताह**

पूर्व निर्धारित तिथि 17 से 23 जुलाई 2023 तक विज्ञान सप्ताह मनाने की योजना थी। अब इसे परिवर्तित तिथि 25 जुलाई 2023 से 02 अगस्त 2023 तक आयोजित करना है। विस्तृत विवरण के साथ विज्ञान विभाग का पत्रक संलग्न है।

**7. 'उत्सर्ग' पत्रिका**

प्रांत की वार्षिक पत्रिका **'उत्सर्ग'** का प्रकाशन महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर होना है। संख्या एवं शुल्क (₹80 की दर से) प्रांत अविलंब प्रेषित करें। पूर्व में भी इसकी सूचना दी गई है।

इस पत्रक की प्रतियाँ समिति के माननीय एवं आचार्य भाई-बहन सबको दिया जाए। **मासांत या समिति बैठक की प्रतिक्षा नहीं करें।**

**रक्षाबंधन एवं विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाओं सहित -**

।। इतिशुभम् ।।

भवदीय

[signature] 18/07/2023

**(अजय कुमार तिवारी)**

प्रदेश सचिव

विद्या विकास समिति, झारखंड

# विज्ञान सप्ताह – 25 जुलाई से 02 अगस्त 2023

दिनांक **14 –15 को माधव विद्या निकेतन, अमृतसर में अखिल भारतीय विज्ञान मेला** की योजना बैठक मा0 षिव कुमार जी, अखिल भारतीय मंत्री की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। बैठक में विज्ञान मेला के आयोजन पर विस्तार पूर्वक चर्चा वार्ता के पश्चात् योजना बनाई गई, साथ ही सम्पूर्ण राष्ट्र में विद्या भारती के विज्ञान से संबंधित गतिविधि समाज में भी जाएँ और विज्ञान शिक्षण कौशल को उत्कृष्ट बनाने तथा भैया – बहनों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करने के दृष्टिकोण से **दिनांक 25 जुलाई से 02 अगस्त** तक विज्ञान सप्ताह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। विज्ञान सप्ताह में विद्यालय का प्रत्येक भैया – बहन प्रत्यक्ष रुप से सभी गतिविधि में भाग लेगे ऐसी अपेक्षा है।

**विज्ञान सप्ताह में निम्न कार्यक्रमों का आयोजन अपेक्षित है :–**

1. विद्यालय के वंदना सभा में प्रति दिन **(25 जुलाई से दो अगस्त तक)** एक विज्ञान आचार्य जी अथवा भैया – बहनों द्वारा किसी भारतीय वैज्ञानिक के जीवनी, विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धि आदि को विस्तार पूर्वक बताया जाए साथ ही उस दिन उस वैज्ञानिक का पूर्ण विवरण DISPLAY BOARD पर चिपकाया जाए।

2. **25 से 26 जुलाई** को कक्षा तृतीय से ऊपर तक के कक्षाओं में विज्ञान के कालांश में विज्ञानाचार्य **(विषयाचार्य)** अपनी कक्षा में जायेगे और भैया – बहनों के समक्ष किसी एक **भारतीय वैज्ञानिक** की जीवनी, विज्ञान के क्षेत्र में उनके कार्य, उपलब्धि पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालेगें । तत्पश्चात वैज्ञानिक से संबंधित 50 प्रश्नों की एक प्रति भैया – बहनों को दे देगें । अब भैया – बहन उन प्रश्नों का उत्तर तैयार करेंगे । पुनः **2 अगस्त 2023** को उन प्रश्नों से प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित करवानी है।

3. विद्यालय के सभी **भैया – बहन (कक्षा तृतीय से)** अपने पडोस के घरों में जाकर एक तुलसी का पौधा /ऐलोवेरा के पौधे को रोपेंगे, साथ ही उस पौधे के औशधीय गुणों तथा वैज्ञानिक नाम आदि का पूर्ण विवरण लिखित रुप में दो प्रति तैयार कर एक प्रति पडोसी को देंगे तथा दूसरे प्रति में उनका विचार प्राप्त करते हुए हस्ताक्षर करवा कर विद्यालय में जमा करेगें। 02 अगस्त को प्रत्येक कक्षा से सर्वश्रेष्ठ तीन – तीन प्रति का चयन कर प्रर्दशनी लगवानी है।

   भैया – बहनों द्वारा पडोसी के साथ पौधा देते हुवे (पौधा विवरण पत्र) एक विज्ञान आचार्य जी द्वारा एक भारतीय वैज्ञानिक के जीवन चरित्र एवं विज्ञान के क्षेत्र में उनकी उपलब्धि आदि को विस्तार पूर्वक रख जायेगा। उस दिन उन वैज्ञानिक का पूर्ण विवरण DISPLAY BOARD पर लिखकर चिपकाना है।

4. विद्यालय में इस दौरान एक SCIENCE CORNER बनाया जायेगा, जहाँ प्रत्येक दिन योजनानुसार प्रयोगशाला से संबंधित सामग्री/उपकरण रखा जायेगा जिसे भैया – बहन देखें और उसके संपूर्ण कार्यप्रणाली को सीखेगें।

5. विज्ञान सप्ताह के दौरान अखिल भारतीय विज्ञान मेला 2023 के पाठ्यक्रम के आधार पर आचार्य एवं भैया – बहनों के बीच कार्यशाला का आयोजन करना है।

उक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त विद्यालय द्वारा अपनी योजनानुसार अन्य कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर ले सकते हैं, परंतु सभी का लिखित वृत रखना अनिवार्य है, ऐसी अपेक्षा है।

शर्मेन्द्र कुमार साहु

18/7/2023

## विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सत्र 2023-24 के लिए निर्धारित वार्षिक गीत

### गीत क्रमांक-01

जग में सुन्दर देश हमारा, इसकी छटा है सबसे प्यारी।
वीर भूमि यह धीर भूमि यह, इसकी महिमा सबसे न्यारी।।
ईश्वर मानव बनकर आये, राम-कृष्ण का रूप बनाये
धर्म स्थापना करने जग में, सुन्दर-सुन्दर खेल रचाये
उनके कामों की सुगन्ध से, महकी धरती की हर क्यारी।। जग में ............

गौरवशाली गाथा अपनी, मातृभूमि हित मर मिट जायें
विनय शीलता साहस हम में धैर्य पराक्रम को अपनायें
वन्दनीय है पूजनीय है। भारत भूमि हमारी।। जग में ...............

वीर शिवा, राणा, सुभाष और भगत सिंह से बलिदानी
सीता, सावित्री, माँ दुर्गा, लक्ष्मीबाई मर्दानी
भारत माता की जय-जय हो बोले दुनिया सारी।। जय में .........

### गीत क्रमांक-02

सरस्वती के पावन आँगन की, हम गुन्जित किलकारी।
भारत भाल सजाने वाले, नन्हीं-नन्हीं फुलवारी।।
सात स्वरों से साज सजाकर, राज दिलों पर करते हैं।
नटखट चाल-चलन बोली से, सबके मन में रहते हैं।।
मातु-पिता गुरु आज्ञा पालन, श्रद्धा सेवा धारी। भारत भाल ............

शेखर, बोस, जोरावर जैसे देश धर्म के सेनानी।
राष्ट्र की रक्षा पर बलि जाएँ शूर वीर हम बलिदानी।।
रोम-रोम में देश की सेवा, की निकले चिरगारी। भारत भाल ..........

ऊँच-नीच का भेद मिटाकर आगे बढ़ते जायेंगे।
हिल-मिल कर सब काम करेंगे अपना धर्म निभायेंगे।।
वैभव होगा भारत माँ का हम लें जिम्मेदारी। भारत भाल .............

### गीत क्रमांक-03 ( संस्कृत )

राष्ट्र भक्तिं करणीयम्। देश हितं आचरणीयम्।।
सन्मार्गे नित चलनीयम्। मातृ हितं शुभ करणीयम्।।
श्रेष्ठ जनाः आदरणीयम्। सतगुरु शरणम् गमनीयम्।।
सत्यं वचनं वदनीयम्। प्रगति पथे नित चलनीयम्।।
राष्ट्र भक्तिं करणीयम्। देश हितं आचरणीयम्।।
सन्मार्गे नित चलनीयम्। मातृ हितं शुभ करणीयम्।।
ऋषि मुनि धरनी सुखनीयम्। परोपकारम् करणीयम्।।
प्रतिदिन प्रभु स्मरणीयम्। लोक हितं आचरणीयम्।।
राष्ट्र भक्तिं करणीयम्। देश हितं आचरणीयम्।
सन्मार्गे नित चलनीयम्। मातृ हितं शुभ करणीयम्।।

# मासिक गीत

## गीत क्रमांक-01 (जुलाई + अगस्त)

भारत के लाल आज झूम-झूम गाओ रे।
सारा ही देश आज, झूमा है मस्ती में,
देखों खुशी छाई है, हर एक बस्ती में।
स्वाधीनता की खुशियाँ लहराओ रे। भारत के ......

आज तो गगन में भी, उल्लास छाया है,
देशभक्ति का देखों, कैसा रंग छाया है।
देश के सपूतों, आज देशभक्ति पाओ रे। भारत के ....

याद करो उनको आज, मरके जो अमर हुए,
कल्पना करो जरा, अन्याय जो बर्बर हुए।
संयोयेंगे स्वतंत्रता कसम मिलकर खाओ रे। भारत के ...

सोचो स्वतंत्रता हित, क्या-क्या नहीं खोया है,
देश के बलिदानियों पर, सारा देश रोया है।
देश के सपूतों से प्रेरणा को पाओ रे। भारत के .....

## गीत क्रमांक-02 (सितंबर + अक्टूबर)

माँ तू प्रेम सुधा बरसादे, बूंद-बूंद से सूखी कलियाँ,
मन की आज खिलादें।
ओत-प्रोत हो जीवन धारा, तेरे दिव्य मिलन के द्वारा,
पल-पल छिन-छिन वत्सलता से, अमृत रस बरसादे। माँ ....
दिव्य कर्म में, दिव्य वचन में, जनमानस के कुंज-कुंज में,
सौरभ बनकर, प्रेममयी माँ, एक बार मुसका दे। माँ ......
स्नेहामृत का पेय पिलादे, जीवन को आनंद बनादे
अंतस्थल की अमर ज्योति में अपनी छवि दिखलादे। माँ ....

## गीत क्रमांक-03 (नवंबर + दिसंबर)

हरियर दिशेला झारखण्ड कर कोरा
इ सुंदर राईज में सननन पवन बहेला
झारखण्ड कर संस्कृति से सबकोई लोभाय
जे हामर राईज आवे हिंये बईस जाय

सिद्ध-कान्हू बुद्ध-जतरा, बिरसा अउर तेलंगा
सिनगी-दई फूली-झानो, क्रांतिवीर होलंय हियां
आइज सबउ जानथयं, झारखण्ड कर शान रे
एहे वीर राईज खतिर, देलंय आपन जान रे
हरियर दिशेला झारखण्ड ......................
इ सुंदर राईज में ................................

बरन-बरन जाति अउर, जनजाति मिले हियां
सुख-दुख में साथ रहंय, आयो-आबा बहिन-भईया
बंदई-टूसू सोहराई अउर, करम सरहूल रे
नगड़ा मांदर ढोल में थिरकयं मिल-जूइल रे
हरियर दिशेला झारखण्ड ......................
इ सुंदर राईज में ................................

झारखण्ड कर माटी में, मिले कोयला तांबा
ऊपजेला हीरा हियां, अभ्रक अउर सोना
बहे हियां स्वर्ण रेखा, शंख कोयला दामोदर
हुंडरु दशमघाघ जईसन, झरना बहे झराझर
हरियर दिशेला झारखण्ड ......................
इ सुंदर राईज में ................................

# मासिक गीत

## गीत क्रमांक-04 (जनवरी + फरवरी)

नन्हें सैनिक बनकर निकले हम रखवाले देश के।
आजादी का पर्व मनाते-मिल मतवाले देश के।।

खंभों, मीनारों, दुर्गों पर, उड़ा तिरंगा शान से,
गुँज उठा आकाश देश का, जन-गण-मन के गान से
किरणों से हँसते निकले हैं हम उजियाले देश के।। नन्हें सैनिक ...

मिले कदम से कदम, राह की कठिनाई की बात क्या
मिले हाथ से हाथ हमारे, फिर दिन क्या और रात क्या
टेढ़ी-मेढ़ी राहों पर हम चलने वाले देश के।। नन्हें सैनिक ...

शीश हिमालय की छाया, गंगा का आशीर्वाद है,
विंध्याचल, कन्या कुमारी से पाया मधुर प्रसाद है,
हम ही तो गुरुद्वारे, मंदिर और शिवालय देश के।। नन्हें सैनिक ...

## गीत क्रमांक-05 (मार्च + अप्रैल)

भारत माता तेरा आँचल, हरा-भरा है धानी।
मीठा-मीठा चम-चम करता, तेरी नदियों का पानी।-2

हरी हो गयी बंजर धरती, नाचे झरनों से अब बिजली।
सोना चांदी उगल रही है, तेरी नदियों का पानी।

भारत माता तेरा आँचल, हरा-भरा धानी-धानी।
मीठा-मीठा चम-चम करता, तेरी नदियों का पानी।

मस्त हवा जब लहराती है, दूर-दूर तक पहुँचाती है।
तेरे ऊँचे-ऊँचे पर्वत, निडर बहादुर सेनानी।

भारत माता तेरा आँचल, हरा-भरा धानी-धानी।
मीठा-मीठा चम-चम करता, तेरी नदियों का पानी।

## गीत क्रमांक-06 (मई + जून)

नहीं मांगता, प्रभु विपत्ति से, मुझे बचाओ, त्राण करा
विपदा में निर्भीक रहूँ मैं, इतना, हे भगवान करो।
नहीं मांगता दु:ख हटाओ व्यथित हृदय का ताप मिटाओ
नहीं मांगता हाथ बटाओ मेरे सिर का बोझ घटाओ
दुखों को मैं आप जीत लूँ ऐसी शक्ति प्रदान करो
विपदा में निर्भीक रहूँ मैं, इतना, हे भगवान, करो।

कोई जब न मदद को आए मेरी हिम्मत टूट न जाये।
जग जब धोखे पर धोखा दे और चोट पर चोट लगाये
अपने मन में हार न मानूं, ऐसा, नाथ, विधान करो।
विपदा में निर्भीक रहूँ मैं, इतना, हे भगवान, करो।

नहीं माँगता हूँ, प्रभु, मेरी जीवन नैया पार करो
पार उतर जाऊँ अपने बल इतना, हे करतार करो।
आप बोझ अपना संभाल लूँ ऐसा बल-संचार करो।
विपदा में निर्भीक रहूँ मैं, इतना, हे भगवान करा।

सुख के दिन में शीश नवाकर, तुमको आराधूँ, करुणाकर।
औ विपत्ति के अन्धकार में, जगत हँसे जब मुझे रूलाकर-
तुम पर करने लगूँ न संशय, यह विनती स्वीकार करो।
विपदा में निर्भीक रहूँ मैं, इतना, हे भगवान, करो।